पटना की लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नूतन ने दी प्रस्तुति

उगते सूर्य को दिया अर्घ्य, गूंजे छठ मैया के गीत

महू » दबंग रिपोर्टर

चार दिवसीय छठ पूजन के साथ हुआ पर्व का समापन

चार दिनी छठ पूजन के अंतिम दिन गुरुवार अलसुबह बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय परिवार महूगांव स्थित कांकड़पुरा तालाब पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद तालाब किनारे पानी में उतरकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। कांकड़पुरा तालाब पर पहली बार छठ पूजन के दौरान गीतों की प्रस्तुति दी गई। अलसुबह 5.30 बजे बिहार की लोक गायिका ने यहां छठ मैया के गीतों की प्रस्तुति दी।

सुबह 4 बजे से यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। महिला स्नान कर पूजा की थालियां लेकर पहुंचीं। तालाब पर छठ माता के गीत गाए। पूजा के दौरान महिलाओं ने गुड़ की खीर, खाजा, फल का सूर्यदेव को भोग लगाया। उसके बाद व्रतधारियों ने प्रसाद बांटा। उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। आतिशबाजी की गई। युवा सेल्फी लेते नजर आए। पहली बार छठ पूजन के दौरान कांकड़पुरा तालाब पर लोक गायन का आयोजन हुआ। जिसमें पटना बिहार की लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नूतन ने छठ मैया के गीतों की प्रस्तुति दी।

ब्राउस में राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रस्तावित संशोधन विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार

राष्ट्र उन्नयन में राजनीति विज्ञान की महती भूमिका- कुलपति प्रो. शुक्ला

महू » दबंग रिपोर्टर

हमें गांव, समाज, राष्ट्र केंद्रित शोध और नवाचार की जरूरत है



विश्वविद्यालय ज्ञान सृजन का केंद्र हैं। पुस्तकों से हम जीवन में बहुत कुछ सीखते हैं। राजनीति विज्ञान हमारी मानसिक चेतना को जाग्रत कर समाज और राष्ट्र से जोड़ती है। एक मजबूत व समुन्नत राष्ट्र की मजबूत धुरी राजनीति एवं रणनीति है। किसी भी राष्ट्र की शिक्षा व्यवस्था को विकसित कर वैश्विक गौरव को प्राप्त कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम में भारतीयता के पक्षों को जोड़कर हमें गांवों की तरफ देखने की जरूरत है। किसी भी देश की परिस्थिति को समझने के लिए उस देश की राजनीति व सामाजिक नीति को समझना आवश्यक है।

उक्त बात डॉ. बीआर आम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विवि एवं भारतीय शिक्षण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रस्तावित संशोधन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार में ब्राउस कुलपति प्रो. आशा शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन में राजनीति विज्ञान विषय महत्वपूर्ण सुझाव शिक्षा नीति को सशक्त बना सकता है। हमें गांव, समाज, राष्ट्र केंद्रित शोध और नवाचार करने की जरूरत है ताकि हम राष्ट्र पुनर्निर्माण में सहायक हो सकें। हमारा विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित सुझाव व परामर्श आमंत्रित करता है ताकि इस नीति का राष्ट्रव्यापी सफल क्रियान्वयन हो सके।

कुलपति शुक्ला ने बताया कि राजनीति विज्ञान के माध्यम से शोध में गुणवत्ता, भारतीय मूल्य व राष्ट्रीय अस्मिता से अटूट रिश्ता रखकर ही हम भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। आम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विवि में स्थापित विभिन्न शोध पीठों द्वारा मूल्य परक विमर्श एवं अनुसंधान की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। राजनीति विज्ञान अनुभवजन्य विज्ञान से जुड़ा है, उसे विकसित करना समय की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समाज से राष्ट्र और फिर वैश्विक फलक पर भारतीय मनीषियों, विद्वानों के विचार व दर्शन को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। राजनीति विज्ञान के शिक्षक देश की मूल्यनिष्ठ पहलुओं पर अनुसंधान के लिए प्रेरित करें, यही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है। अंतरानुशासनिक अनुसंधान को भारतीयता से जोड़ने से ही सर्वांगीण शैक्षिक विकास संभव है।

राजनीति विज्ञान में परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहा है: बनारस हिंदू विवि वाराणसी के राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. अंजू शरण उपाध्याय ने कहा कि राजनीति विज्ञान में परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहा है। निरंतर आधुनिकीकरण हो रहा है। राजनीति विज्ञान के शोध में भारतीय दृष्टि और भारतीय ज्ञान परम्परा को केंद्र में रखने की जरूरत है। राजनीति विज्ञान वर्तमान में ज्ञान के साथ कौशलयुक्त है। हमें इसके विभिन्न तकनीकी पक्षों को भारतीयता से जोड़ने की जरूरत है।

एसपीआईएसएसआरए उज्जैन म.प्र. के निदेशक प्रो. यतीन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि हमें पाठ्यक्रम शिक्षाशास्त्र में बड़े बदलाव की आवश्यकता है। शिक्षा को भारतीय आलोक संवर्धित करना आज के समय की जरूरत है। अकादमिक व अनुसंधान की परिस्थितिकी को संवर्धित कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को समझना होगा। इस नीति से युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा। आज के समय में नागरिक मूल्य, सांख्य मूल्य, संस्कृति मूल्य व भारतीय मूल्य को समझने की आवश्यकता है।

हमें बैक टू विलेज की नीति पर कार्य करने की जरूरत है: डीडीयू गोरखपुर उत्तरप्रदेश के राजनीति विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. आईडी मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास की चिंता एनईपी में की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्र अहिंसक राष्ट्र है। प्रत्येक समाज, वर्ग, क्षेत्र की अपनी उपयोगिता होती है। अतः हमें सभी को संरक्षण करने की आवश्यकता है। गांव को समृद्ध करने के लिए बैक टू विलेज की नीति पर कार्य करने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को समझ सके। बाबू जगजीवन राम पीठ, ब्राउस के प्रो. डॉ. शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय शिक्षा को वैश्विक पहचान देने का प्रयास एनईपी 2020 में किया गया है। शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार व अनुसंधान को बढ़ावा इस शिक्षा नीति के माध्यम से मिलेगा। ध्येय वाक्य व कल्याण मंत्र भारतीय शिक्षण मंडल के हर्षवर्धन जैन ने दिया। देश के विभिन्न राजनीति विज्ञान के चिंतक, अध्यापक, विद्यार्थी, शोधार्थी, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़े रहे। संचालन डॉ. मनोज कुमार गुप्ता व डॉ. रामशंकर ने किया।

21वीं सदी की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 है

वर्धा महाराष्ट्र के महात्मा गांधी फ्यूजीगुरु अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि 21वीं सदी की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 है जो भारतीय मूल्यों को समाहित कर वैश्विक आवश्यकताओं के अनुकूल बनाई गई है। इसमें आम्बेडकर व गांधी के मूल्यों को समाहित कर सभी वर्गों के लिए समावेशी शिक्षा की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया है। प्रो. कुमार ने कहा कि राजनीति विज्ञान के शोध में तकनीक के यथासंभव उपयोग एवं सतत सीखने का अवसर एनईपी उपलब्ध करता है। उन्होंने कहा कि एनईपी उच्च शिक्षण संस्थाओं के भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्य केन्द्रित शिक्षा को ग्रहण कर आत्मनिरीक्षण करने के लिए प्रेरित करती है।

कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

सोनकच्छ। विधायक सज्जनसिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का तहसील स्तरीय धरना प्रदर्शन शनिवार को आयोजित किया गया। पीसीसी सदस्य सूरजसिंह ठाकुर ने बताया खाद-बीज के लिए किसानों का दर-दर भटकना, किसानों का बीमा 6 महीने के अंदर न मिलना, बेरोजगार युवाओं को रोजगार न देना, बढ़ती हुई महंगाई आदि समस्याओं के विरोध स्वरूप प्रदेश की गूंगी-बहरी सरकार को जगाने के लिए ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम एसडीएम को सौंपा जाएगा। ज्ञापन से पूर्व कांग्रेसजन बस स्टैंड पर एकत्रित होंगे। यहां से 11 बजे रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचेंगे। यहां एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

वारदातों से परेशान ग्रामीण पहुंचे थाने, की शिकायत

पीपलरावां। थाना अंतर्गत बालोन पुलिस चौकी के ग्राम जमोड़ी के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण आगरे यहां बार-बार चोरी की वारदातों से परेशान हो पीपलरावां थाने पहुंचे। ग्रामीण कुसुम ठाकुर, कृपाल सिंह, मालूसिंह, वाजनसिंह, नारुसिंह, हरिसिंह, सोबलसिंह, जयनारायणसिंह ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत करते हुए कहा कि हमारे गांव जमोड़ी में आए दिन चोरी व मारपीट हो रही है। हम ग्रामीणों को संदेह है कि ये कार्य कंजर समाज के कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा है। 10 नवंबर की शाम को पिंटू पिता मोतीसिंह ने अपने खेत पर चोरी करते समय कुछ लोगों को पकड़ लिया था किंतु उन्होंने उसके साथ मारपीट की। गांव के रामेश्वर पिता हमीरसिंह ने अपना कुआ कंजर समाज के एक व्यक्ति को दे रखा है। कंजर समाज के लोग उसकी निगरानी करते हैं। रामेश्वर भलीभांति जानता है कि चोरी कौन कर रहा है व किसका हाथ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कोई भी चोरी या हादसा होता है तो उसकी सारी जवाबदारी रामेश्वर मालवीय की रहेगी। ग्रामीणों ने उचित कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने आवेदन लेकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

अन्नकूट मनाने से लम्बी आयु व आरोग्यता की प्राप्ति होती है

बागली। अन्नकूट पर्व मनाने से मनुष्य को लंबी आयु तथा आरोग्य की प्राप्ति होती है। दरिद्रता का नाश होकर मनुष्य जीवनपर्यंत सुखी और समृद्ध रहता है। ये बातें जटाशंकर तीर्थ के महंत बद्रीदासजी महाराज ने नगर के खेड़ापति मंदिर पर आयोजित अन्नकूट महोत्सव के दौरान कही। संस्कृत जोशी के आचार्यत्व में भगवान का सहस्त्र नामावली से 5100 लड्डुओं से सहस्त्रार्चन किया गया। भगवान शंकर, महाकाली, गणेशजी व हनुमानजी को 108 नामावली से लड्डुओं का अर्पण किया गया। विश्वनाथ उपाध्याय ने बताया कि आयोजन का यह 16वां वर्ष था, जो जटाशंकर के ब्रह्मलीन संत केशवदासजी त्यागी की प्रेरणा से आरंभ हुआ था। बाल्मीक चेतना पीठ के संचालक मनीष द्विवेदी के सानिध्य में दोपहर आरती के बाद ग्रामीण भक्तों व गणमान्यजनों के साथ भंडारा हुआ। रमेश उपाध्याय ने छप्पन भोग लगाया। विनयशंकर त्रिपाठी, कमलसिंह तोमर, श्याम तोमर, दिलीप पड़ियार, कुल वर्मा, प्रदीप सौरत, राजेश तिवारी, गोवर्धन पाटीदार, मिथिलेश भदौरिया का सहयोग रहा।

खेड़ापति हनुमान मंदिर में अन्नकूट



सतवास। नगर के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में गुरुवार को अन्नकूट के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। यहां बुधवार से चल रहे रामायण पाठ का समापन हुआ। आयोजन समिति के दिलीप राठी ने बताया खेड़ापति हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं के सहयोग से दीपावली के अवसर पर प्रतिवर्ष अन्नकूट व भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर खेड़ापति हनुमानजी का श्रृंगार कर 56 भोग लगाया गया। समिति के जगदीश नागौरी, ब्रजमोहन राठी, रामेश्वर राठी, रामप्रसाद पटेल, वीरेंद्र मिस्त्री, योगेन्द्र दुबे, राजकुमार यादव, अनिल शुक्ला, मनोज वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, राम नीमजा, विनोद मालवीय आदि ने श्रद्धालुओं का आभार माना।

NAME CHANGE

I, Yash Deepak Maheshwari, S/o Deepak Maheshwari, here by declare that I have changed my name as Yash Maheshwari, S/o Deepak Maheshwari, so from now and in future I will be known by my new name.

YASH MAHESHWARI
S/o Deepak Maheshwari
Flat no. 206 B1 Block Maple Woods Nepania main road Pipliya Kumar Indore Madhya Pradesh 452010

नगर पालिका परिषद सनावद जिला खरगोन

दूरभाष 07280 234533 E-mail cmosanavad@mpurban.gov.in

क्रमांक/2021/5063 ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 09/11/2021

नगर पालिका द्वारा वर्ष (01/12/21 - 31/03/22) के लिये प्रपत्र ... निविदाएं ई-टेंडर https://www.mptenders.gov.in ... आमंत्रित की जाती हैं। ... 25/11/2021 ... 26/11/2021 ...

TENDER NO	अनुमानित लागत	अमानत राशि	फार्म शुल्क
2021_UAD_160409	4,76,000	10,000	2,000
2021_UAD_160410	15,000	2,000	1,000

(अनुकूल जैन) उपयंत्री, नगर पालिका परिषद, सनावद
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका,सनावद

भोपाल के हमीदिया अस्पताल में मृत बच्चों को श्रद्धांजलि

इंदौर/महू। जिला युवा कांग्रेस की ग्रामीण इकाई महू विधानसभा क्षेत्र में निशानसिंह चौहान व ब्लॉक अध्यक्ष शाकिर खान के नेतृत्व में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दौलत पटेल ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सद्दाम पटेल, विशाल शर्मा, बादशाह खान, प्रवीण पाटिल, आशीष वर्मा, अमन मालवीय, आसिफ अली ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की व कैंडल मार्च निकाला। सरकार से सवाल किया कि राजधानी के शासकीय अस्पताल की हालत ऐसी है। इतनी लापरवाही है तो प्रदेश के शासकीय अस्पतालों की क्या हालत होगी। जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बिजली की समस्याओं को लेकर किसान संघ आज देगा धरना

पीपलरावां। क्षेत्र में बिजली संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ शुक्रवार दोपहर 12 बजे से विद्युत कार्यालय में धरना देगा। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष कैलाश भार्गव ने बताया कि विद्युत द्वारा सिंचाई की बिजली के लिए जो नया रोस्टर लागू किया गया है, उससे किसान काफी परेशान हैं। विभाग द्वारा अनेक स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मर पर जली हुई केबल को नहीं बदला जा रहा है। साथ ही 5 हार्सपावर के स्थान पर 8 हार्सपावर का बिल वसूला जा रहा है। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए किसान संघ के पदाधिकारी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पीपलरावां, सोनकच्छ, गंधर्वपुरी व भौंरासा के विद्युत कार्यालय में धरना देंगे।

ताज, डायमंड व यंग एसएएफ ने जीते मैच

महू। जिला स्तरीय स्व. राजीव गांधी फुटबॉल स्पर्धा के दूसरे गुरुवार को तीन मैच खेले गए। पहला मैच ताज क्लब महू व सेवन स्ट्राइकर महू के बीच खेला गया। ताज क्लब ने 2-1 से जीत हासिल की। दूसरा मैच डायमंड क्लब महू व चंद्रावत क्लब के बीच खेला गया। डायमंड क्लब ने 2-0 से मैच जीता। तीसरा मैच यंग एसएएफ बॉयज इंदौर व इंदौर ट्रेवलर्स इंदौर के बीच खेला गया। इस मैच का निर्णय टाईब्रेकर से हुआ, जिसमें 5-3 से इंदौर एसएएफ बॉयज विजयी ने जीत दर्ज की। मोहम्मद इकरामुद्दीन, मोमिन खान, धीरज चौहान, शाकिर, शादाब, मंजूर, फिरोज, मो. जहूर मौजूद रहे।

समाजसेवी आगस्त्य का निधन



सोनकच्छ। बुधवार को समाजसेवी नेमचंद आगस्त्य का निधन हो गया। गुरुवार प्रातः 10 बजे शुक्रवारिया से अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें नागर चित्तौड़ा समाज सहित अन्य समाज के नागरिक शामिल हुए। परिवार की पुत्रियों के साथ पौत्रियां भी अंतिम संस्कार में शामिल हुई। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र शैलेन्द्र आगस्त्य द्वारा दी गई। मुक्तिधाम पर आयोजित शोकसभा में समाजसेवी राजेन्द्र महाजन, श्याम मेहता, पूर्व नप अध्यक्ष राजवीरसिंह बघेल, सूरजसिंह ठाकुर, हुकमचंद अग्रवाल, तिलोकचंद जैन, निरंजनसिंह सेंगर, रमेश मोदी आदि द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

सतवास क्षेत्र के 11 विद्यालयों में आज नेस की परीक्षा

सतवास। 12 नवम्बर को पूरे देश के साथ सतवास क्षेत्र के 11 सरकारी व अशासकीय विद्यालयों में एकसाथ राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे नेस की परीक्षा का आयोजन होगा। संकुल प्राचार्य राजेश जोशी ने बताया सतवास संकुल के कन्या हाईस्कूल सतवास, कन्या मावि सतवास, मावि बड़फन, मावि गाड़गांव, मावि पोखर खुर्द, मावि टिंगरास तथा अशासकीय विद्यालय श्रेजी इंग्लिश एकेडमी, सत्य साईं हाई सेकेण्डरी स्कूल सतवास, नालंदा विद्यापीठ स्कूल पीपलकोटा, आर्यन पब्लिक स्कूल सतवास, शुभमचन्द्र बोस हाई सेकेण्डरी स्कूल सतवास में नेस की परीक्षा कक्षा 3, 5, 8 व 10वीं कक्षा में संपन्न होगी। गुरुवार को संकुल प्रभारी ने सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षकों व बच्चों से चर्चा कर पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

मूट कोर्ट का आयोजन

सोनकच्छ। ब्रह्मलीन पुष्पदंतसागर महाराज के आशीर्वाद से मां जिनवाणी कॉलेज ऑफ लीगल स्टडीज, पुष्पगिरि में स्थापित लीगल एड क्लिनिक द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सोनकच्छ के अपर सत्र न्यायाधीश ओ.पी. रघुवंशी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रणजीत सिंह सोलंकी थे। उक्त प्रतियोगिता में बी.ए.एल.एल.बी. एवं एल.एल.बी. संकाय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का प्रकरण परिवादपत्र होते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 307 व धारा 34 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 के अंतर्गत सत्र न्यायालय में प्रकरण का मूट कोर्ट के माध्यम से निराकरण किया गया। जिसमें प्रथम स्थान नेहा ... एवं द्वितीय स्थान अनमोल सोलंकी ने प्राप्त किया। मां जिनवाणी महाविद्यालय के प्राध्यापक सुरेन्द्र मालवीय, ज्योति बाला जोशी, विकास सिसोदिया ने प्रतियोगिता आयोजित करने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. भूपेन्द्रसिंह परिहार ने किया। प्राध्यापक वैभव ... ने आभार व्यक्त किया।

Yellow Diamond

PRATAAP SNACKS LIMITED

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore, Madhya Pradesh, 452020 India
Tel: (91 731) 243 9999 Fax: (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2009PLC021746, Website www.yellowdiamond.in, E-mail complianceofficer@yellowdiamond.in

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF-YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2021

(INR in lakhs except as stated)

PARTICULARS	QUARTER ENDED			HALF-YEAR ENDED		YEAR ENDED
	30.09.2021 Unaudited	30.06.2021 Unaudited	30.09.2020 Unaudited	30.09.2021 Unaudited	30.09.2020 Unaudited	31.03.2021 Audited
Total revenue from operations	37,058.21	27,961.52	32,569.55	65,020.13	52,243.36	1,17,108.88
Net profit for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items)	1,736.72	(217.54)	1,095.01	1,519.18	340.31	1,107.10
Net profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	1,736.72	(217.54)	1,095.01	1,519.18	340.31	1,107.10
Net profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	1,469.27	(159.40)	844.04	1,309.78	248.15	1,415.59
Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	1,471.73	(159.06)	842.74	1,312.67	245.54	1,433.05
Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each	1,172.65	1,172.65	1,172.65	1,172.65	1,172.65	1,172.65
Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year)						61,130.94
Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised)						
Basic - INR	6.26	(0.68)	3.60	5.58	1.06	6.04
Diluted - INR	6.26	(0.68)	3.60	5.58	1.06	6.04

Notes:

1 The above consolidated Ind AS financial results of the Group have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 11th November, 2021.

2 The Group has determined 'Snacks Food' as a reportable segment, as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.

3 The Board of directors of the Holding Company in their meeting held on 29th September, 2021 have approved the scheme of amalgamation ("scheme") pursuant to sections 230 to 232 and other relevant provisions of the Companies Act, 2013, providing for the amalgamation of its subsidiaries Avadh Snacks Private Limited and Red Rotopack Private Limited with the Holding Company. The appointed date as per the scheme is 1st April, 2021. Further, the Holding Company has filed the necessary application with the exchanges and SEBI for the requisite approval and approval is awaited. The Holding Company based on the updated fair valuation performed for merger application, have re-measured the deferred contingent consideration and has recorded a gain on re-measurement of INR 554.35 lakhs as other income in quarter ended 30th September, 2021. The effect of the scheme would be recognised on receipt of statutory approvals.

4 There was a fire accident in one of the plant of the Holding Company situated at Howrah, West Bengal on 5th November, 2021. The fire has severely impacted the building, plant & machinery, leasehold improvements and inventories lying at the plant, however there were no human casualties. The Holding Company is currently in the process of determining the impact of aforesaid event in the books of accounts. Since, these assets were insured, the Holding Company has also initiated the process of filing the insurance claim for loss incurred.

5 The key audited standalone financial information are as under:

(INR in lakhs)

PARTICULARS	QUARTER ENDED			HALF-YEAR ENDED		YEAR ENDED
	30.09.2021 Unaudited	30.06.2021 Unaudited	30.09.2020 Unaudited	30.09.2021 Unaudited	30.09.2020 Unaudited	31.03.2021 Audited
Total revenue from operations	32,807.84	23,871.89	28,512.80	56,679.73	45,029.64	1,01,037.57
Profit before tax	1,730.69	123.75	1,366.44	1,854.44	687.46	1,989.89
Profit after tax	1,455.11	102.71	985.89	1,557.82	520.41	2,086.08

6 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Consolidated Ind AS Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2021, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Consolidated Ind AS Financial Results for the Quarter and Half-Year ended 30th September, 2021 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For Prataap Snacks Limited

Place: Indore
Date: 11th November 2021

Amit Kumat
Managing Director and Chief Executive Officer